प्रशिक्षु आईएएस की टीम ने भिलाई के मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं श्री धनवंतरी मेडिकल योजना के बेहतर क्रियान्वयन की सराहना की

भिलाई नगर/ 2020 बैच के प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा की टीम ने आज भिलाई निगम क्षेत्र में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं श्री धनवंतरी मेडिकल योजना के कार्यों की बारीकी से जानकारी ली। आई. ए. एस. की टीम में 20 प्रशिक्षु सम्मिलित थे। टीम प्रातः 9:00 बजे टाटा लाइन सियान सदन कोहका वार्ड क्रमांक 8 में दाई दीदी क्लीनिक के स्वास्थ्य शिविर पहुंची। उन्होंने चिकित्सक स्टाफ से मुलाकात कर योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। शिविर के बारे में लोगों को सूचना किस प्रकार से दी जाती है, दवाइयों के प्रकार कितने हैं, जांच की सुविधा एवं रिपोर्ट प्रदाय करने से लेकर भिलाई में और कितने स्वास्थ्य शिविर मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से आयोजित हो रहे हैं इससे अवगत हुए। मरीजों से भी उन्होंने फीडबैक लिया। इसी तरह भगवा चौक कुरूद में श्री धनवंतरी मेडिकल पहुंचकर उन्होंने धनवंतरी मेडिकल में दवाइयों की कितनी प्रकार की उपलब्धता है , कितने प्रतिशत छूट के साथ दवाइयां मिल रही है की जानकारी ली। दोनों ही योजनाओं के बारे में प्रशिक्षु आईएएस की टीम ने कहा कि इस योजना से हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं , शासन की महत्वकांक्षी योजना का भिलाई निगम में सफल क्रियान्वयन हो रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तारीकरण का अहम कदम टीम ने इस योजना को बताया। नोडल अधिकारी बी.के. देवांगन ने दोनों योजनाओं के स्वरूप, उद्देश्य, मॉडल एवं सफल क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से प्रशिक्षु आईएएस को अवगत कराया। इससे पूर्व निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज प्रातः 8:00 बजे मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर मरीजों से फीडबैक प्राप्त किया था। प्रशिक्षु दल के भ्रमण के दौरान सहायक अभियंता तपन अग्रवाल , उप अभियंता अर्पित बंजारे , एपीएम भावना राजपूत एवं इशान शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप भिलाई निगम क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं श्री धन्वंतरी मेडिकल योजना के तहत 3 मेडिकल स्टोर का बेहतर संचालन एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रतिदिन इस योजना के तहत हजारों लोग लाभान्वित होकर स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा पा रहे हैं , मोहल्ले में ही मुफ्त इलाज , मुफ्त दवाई की सुविधा लोगों को प्राप्त हो रही है , वहीं सस्ती दरों पर दवाइयां श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर पर मिल रही है जिससे पैसों की काफी बचत हो रही है।